परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

अणुशक्तिनगर, मुंबई-400094

वार्षिक परीक्षा-(टर्म-2)-2018-19 (पृष्ठों की संख्या-10)

कक्षाः तीसरी (3) समयः 3 घंटे

विषयः हिंदी पूर्णांक- 80

नाम- --

विद्यालय का नाम- ---

कक्षा / वर्ग - -- अनुक्रमांक -----------------------

दिनांक - -------------------------------

निरीक्षक के हस्ताक्षर ------------------------------------- -

परीक्षक के हस्ताक्षर - ------------------------------------

प्राप्तांक ------------------------------------- -

जाँचकर्ता के हस्ताक्षर ------------------------------------- -

----

प्रश्न-1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो-

मीरा बहन का जन्म इंग्लैंड में हुआ था। गांधी जी के विचारों का उन पर इतना असर हुआ कि वे अपना घर और अपने माता-पिता को छोड़कर भारत आ गई और गांधी जी के साथ काम करने लगीं।

आज़ादी के पाँच साल बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश के एक पहाड़ी गाँव, गेंवली में गोपाल आश्रम की स्थापना की। उस आश्रम में मीरा बहन का बहुत सारा समय पालतू पशुओं की देखभाल में बीतता था लेकिन गेंवली गाँव के आसपास के जंगलों में बाघ जैसे खतरनाक जानवर भी रहते थे।

1. मीरा बहन का जन्म कहाँ हुआ था ? 1

____

2. मीरा बहन किसे छोड़कर भारत आ गई थी ? 1

____

3. मीरा बहन ने किस आश्रम की स्थापना की ? 1

____

4. शब्दों के अर्थ लिखो- 1

असर - ____________

5. विलोम शब्द लिखो- 1

पालतू - ____________

प्रश्न-2 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो-

अच्छे पेड़ों की क्या कमी है। नारियल के पेड़ की ही सोचो। नारियल की जटाओं को काटकर मैं मोटी डोरियाँ बना सकता हूँ और डोरियों से मैं मजबूत चटाइयाँ भी बना सकता हूँ। रस्सियों और चटाइयों को मैं शहर के बाज़ार में बेच सकता हूँ। मैं नारियल का पानी भी पी सकता हूँ। मैं नारियल की गरी खा सकता हूँ और कुछ गरी सुखाकर मैं खोपरा भी तैयार कर सकता हूँ, खोपरे को पेरकर मैं गोले का तेल निकाल सकता हूँ। गोले का तेल साबुन और कितनी ही चीज़ें बनाने के काम आता है।

1. नारियल की जटाओं से क्या बनाया जा सकता ? 1

____

2. नारियल के पानी का क्या करते हैं? 1

____

3. गोले का तेल किस काम आता हैं? 1

____

4. वचन बदलो- उदाहरण- चटाई - चटाइयाँ 1

डोरी - __________

5. विलोम शब्द लिखो- 1

मज़बूत - ________________

प्रश्न-3 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो-

सदियों पहले अमृता नाम की एक ऐसी बहादुर लड़की थी, जिसने पूरे समाज को, पेड़ों की हिफाजत करने और उनसे प्रेम करने का संदेश दिया। अमृता जंगल के एक छोर पर स्थित एक गाँव में रहती थी। जंगल का एक पेड़ उसे बहुत प्रिय था। वह रोज जंगल में अपने प्रिय पेड़ के पास पहुँच जाती और उसके चारों ओर अपनी बाँहें डालकर खड़ी हो जाती। वह जीवन में पेड़ों का महत्त्व समझती थी। एक दिन उस राज्य के राजा ने अपने सिपाहियों को एक नया किला बनाने के लिए उस जंगल से कुछ लकड़ियाँ काटने के लिए भेजा। जब अमृता को यह पता चला तो वह जंगल की ओर दौड़ी और सिपाहियों से उन पेड़ों को न काटने की प्रार्थना करने लगी। लेकिन सिपाहियों ने उसकी एक न सुनी। जल्द ही चारों ओर एक-एक करके पेड़ कटकर गिरने लगे। अमृता ने अपने पेड़ को भी गिरते हुए देखा। वह भागकर दूसरे पेड़ों से चिपककर खड़ी हो गई। सिपाहियों ने उसे हटाने का प्रयास किया परंतु वह न हटी। तब तक सभी गाँव वाले भी पहुँच गए। सभी ने मिलकर बचे हुए पेड़ों के आगे घेरा बना लिया। आखिर हारकर सिपाहियों को वहाँ से जाना पड़ा। इस प्रकार अमृता के साहस से जंगल तबाह होने से बच गया।

1. अमृता ने पूरे समाज को क्या सन्देश दिया? 1

____

2. अमृता को जंगल में क्या बहुत प्रिय था? 1

____

3. राजा ने सिपाहियों को जंगल में क्यों भेजा? 1

____

4. अमृता ने सिपाहियों से क्या प्रार्थना की? 1

____

5. गाँव वालों ने पेड़ों को बचाने के लिए क्या किया? 1

____

6. सही विकल्प चुनकर सही का निशान लगाओ-

1. अमृता ने पूरे समाज को सन्देश दिया? 1

क) गाँव बचाने का ☐ ख) पेड़ बचाने का ☐

ग) नदियाँ बचाने का ☐ घ) बेटी बचाने का ☐

2. अमृता जंगल में क्यों आती थी? 1

क) खेलने ☐ ख) लकड़ियाँ काटने ☐

ग) फल तोड़ने ☐ घ) अपने प्रिय पेड़ से मिलने ☐

7. विपरीत अर्थ लिखो- 2

बहादुर - ____________ नया - ____________

8. शब्द का अर्थ लिखो- 1

तबाह - ______________

प्रश्न-4(क) नीचे लिखे वाक्यों में से हरी-भरी सब्जियों के नाम ढूँढकर लिखो- 2

1) अब भागो भी, बारिश होने लगी है। ____________

2) गोपाल कबूतर उड़ा दो। ____________

ख) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखो- 4×2=8

1. सारी मिर्चें खा लेने के बाद काबुली वाले की क्या हालत हुई होगी?

____

____

2. बालक बूढ़े आदमी को क्या बताना चाहता था?

____

____

3. पिंजड़ा बिना बाघ के कैसे बंद हो गया?

____

____

4. गुरूजी थैली में क्या लिए जा रहे थे?

____

____

प्रश्न-5 (क) “ नीम ” के पेड़ से होने वाले पाँच फायदे लिखो- 5

अथवा

“ वृक्ष की उपयोगिता ” विषय पर पाँच वाक्य लिखो-

____

____

____

____

____

____

____

ख) आफंती के बारे में पाँच वाक्य लिखो- 5

(तुम उसके कपड़ों, शक्ल-सूरत, पालतू पशु, बुद्धि के बारे में भी लिख सकते हो)

____

____

____

____

____

____

प्रश्न-6 (क) दिए गए शब्द के दो अर्थ लिखो- 2

उदाहरण- जल - पानी जलना

हार - __________ __________

ख) नीचे लिखे वाक्यों का मतलब लिखो- 2

1. साँप पास की झाड़ी में **गायब** हो गया।

____

2. अब बच्चा **खतरे से बाहर** है।

____

ग) उदाहरण के अनुसार एक ही शब्द का दो बार उपयोग करके वाक्य बनाओ- 2

उदाहरण- साँप **धीरे-धीरे** चल रहा था|

चलते-चलते - ______________________________

पीछे-पीछे - ______________________________

घ) कौन क्या है लिखो- 2

नर्मदा, गंगा, यमुना, कावेरी - ____________________

गेहूँ, बाजरा, चावल, मक्का - ____________________

ङ) इन कामों के लिए कहाँ जाते है? 2

जूते की मरम्मत करवाने - ____________________

सुराही खरीदने - ____________________

प्रश्न-7 क) बर्र के अलावा डंक मारने वाले दो जंतुओं के नाम लिखो- 1×15=15

____________________ ____________________

ख) रोटी को किन दो अलग-अलग नामों से जाना जाता है?

____________________ ____________________

ग) उदाहरण के अनुसार लिखो-

उदाहरण - रंग - रंगाई

चढ़ - __________

बुन - __________

घ) रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखो-

1. मुझे बैंगनी रंग <u>कतई</u> अच्छा नहीं लगता। ______________

2. सेठ को <u>ईर्ष्या</u> होने लगी। ______________

ङ) किन-किन चीजों की महक आती है, जो खाने से जुड़ी नहीं हैं।

______________ ______________ ______________

च) नीचे लिखे शब्दों के मुहावरे या कहावतें लिखो-

अँधेरा - ______________________

आस्तीन - ______________________

छ) नीचे वाक्यों में से फ़ालतू शब्द छाँटकर लिखो-

एक पीला पका पपीता काट लो। ________________

बेकार की फ़ालतू बात मत करो। ________________

प्रश्न-8 (क) सही विकल्प पर सही(✓) का निशान लगाओ- 1×3=3

1. बिल्लियों के झगड़े का फैसला करने के लिए बन्दर उन्हें कहाँ ले गया?

क) घर में ☐ ख) सड़क पर ☐

ग) कचहरी में ☐ घ) पेड़ पर ☐

2. बड़े भाई ने किस पेड़ के नीचे अपना घर बनाया।

क) आम ☐ ख) केला ☐

ग) नारियल ☐ घ) नीम ☐

3. अवन्ती ने किस चीज़ की दुकान खोली?

क) धुलाई ☐ ख) बुनाई ☐

ग) रंगाई ☐ घ) मिठाई ☐

ख) जानवरों को उनकी बोलियों के साथ मिलान करो- 3

" जानवर "	" बोलियाँ "
बकरी	रँभाना
हाथी	मिमियाना
गाय	चिंघाडना

ग) शब्दों को शुद्ध करके लिखो- 2

बजार - ______________ साईकील - ________________

घ) नीचे लिखे वाक्यों में सही निशान लगाओ- (। ? !) 2

- नानी चीख उठी सांप

- अहा कितनी मीठी है

प्रश्न-9 नीचे लिखे अनुच्छेद का सुन्दर अक्षरों में सुलेख लिखो- 5

पुराने ज़माने में लोग पत्तों या पत्थरों पर लिखते थे। पेड़ की छाल का भी इस्तेमाल करते थे। खजूर के बड़े पत्ते देखें हैं? उनको छाया में सुखा लेते थे। तेल से उनको नरम बनाकर फिर उन पर कहानी लिखते थे, पर लिखते किससे? पेंसिल और पेन तो थे नहीं। पक्षी के पंख से ही कलम बना लेते या बाँस को नुकीला बना कर उससे लिखते।

____

____

____

____

____

____

____

____